हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, सोमवार 30 मार्च 2026

11 डीसी ने किया अनाज मंडी का दौरा, कैमरों से रख रहे नजर



12 बॉक्सिंग में प्रिंस, अंश, वंदना और यशी विजेता





## खबर संक्षेप


बहादुरगढ़। छोटूराम नगर में ब्लॉक सीवर से ओवरफ्लो हो रही गंदगी।

### छोटूराम नगर में ब्लॉक सीवरेज से परेशानी

**बहादुरगढ़।** शहर के छोटूराम नगर के लोग इन दिनों गंदगी फैलने के कारण नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। एक तरफ नालियां ब्लॉक हैं और दूसरी तरफ सीवर ओवरफ्लो हो रहे हैं। जिस कारण यहां के निवासी काफी परेशान हैं। कई बार शिकायत करने के बावजूद भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि सफाई न होने के चलते नालियां गंदगी से भरी पड़ी हैं। सीवर ओवरफ्लो होने के कारण गंदा पानी गलियों में जमा होता रहता है। सफाई कर्मचारियों के अभाव में समस्या विकराल बन चुकी है। फूलचंद मिश्रा ने शिकायत करते हुए बताया कि गंदगी में मच्छर पनपने के कारण बीमारियां फैलने का अंदेशा बना हुआ है। वे संबंधित अधिकारियों को शिकायत दे चुके हैं, मगर समस्या के समाधान में कोई दिलचस्पी नहीं ले रहा। उन्होंने कहा कि सीवर ब्लॉकेज की समस्या से निजात दिलाई जाए। ताकि यहां की सफाई व्यवस्था दुरुस्त हो सके।

### महोत्सव में किया बालाजी का गुणगान

**बहादुरगढ़।** श्री बालाजी सेवा मंडल बहादुरगढ़ द्वारा राधे कृष्णा गार्डन में श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 23वें श्री बालाजी गुणगान महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर बाबा के दरबार में मत्था टेका। पुरषोत्तम भगत द्वारा अखंड ज्योति प्रज्वलित की गई। श्रद्धालुओं के लिए छप्पन भोग प्रसाद और विशाल भंडारे की भी व्यवस्था की गई थी। सालासर बालाजी मंदिर से आए विनय पुजारी के अलावा श्री कृष्ण परमहंस बाबा, श्री कालिदास जी महाराज, 1008 महामंडलेश्वर श्री गणेश महाराज, 1008 महामंडलेश्वर गुरु मां मंजू और पंडित सुभाष हरितश आदि विशेष रूप से मौजूद रहे। गायकों ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

### समाधान के बगैर हो रहा समस्याओं का निपटान

**बहादुरगढ़।** शिकायतकर्ता नीरज कुमार ने मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात कर सीएम जनसंवाद पर की जाने वाले शिकायतों का निपटान बगैर समाधान करने की पीड़ा व्यक्त की। उन्होंने आरोप लगाया कि सीएम विंडो एमीनेंट पर्सन सरासर गलत रवैया अपना रहे हैं। सीएम जनसंवाद की शिकायतों का निपटारा एमीनेंट पर्सन द्वारा करना न्यायसंगत नहीं है।

## अनाज मंडी में संपन्न हुए महोत्सव में श्रद्धालुओं ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा

# श्रद्धा से मनाया गया भगवान महावीर का जन्मकल्याणक

*भगवान के अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन से हुई महोत्सव की शुरुआत*

*भगवान महावीर का जीवन हमें दया और करुणा सिखाता है : आचार्य विपुल*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। पांडुशिला पर हुए कार्यक्रम में पूजा-अर्चना करते जैन समाज के लोग। फोटो : हरिभूमि

भगवान महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक के अवसर पर अनाज मंडी स्थित श्री पारसनाथ भगवान पक्षी दाना स्थल एवं पांडुशिला परिसर में रविवार को भव्य महोत्सव धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जैन समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर श्रद्धा और भक्ति से पूजा अर्चना की।

महोत्सव की शुरुआत प्रातः करीब साढ़े 6 बजे भगवान के अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन से हुई। इसके बाद विधि-विधान के साथ कार्यक्रम आगे बढ़ा, जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। भगवान के अभिषेक, पालकी व आरती के लिए बोली लगाई गई।

इस दौरान वर्धमान स्तोत्र पाठ भी किया गया, जिससे माहौल भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम का समापन सुबह 11 बजे हुआ। पांडुशिला समिति के प्रधान सुनील जैन ने बताया कि पूरे आयोजन में समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर सहयोग दिया। कार्यक्रम में दिल्ली से आए आचार्य विपुल जैन ने विधि-विधान संपन्न करवाया। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर का जीवन हमें दया और करुणा सिखाता है। दोपहर में एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें असंख्य लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

संगीतकार नीरज जैन एवं उनकी पार्टी ने अपनी मधुर आवाज में भजनों की प्रस्तुति दी। वहीं सायं 7 बजे भगवान महावीर की पूर्ण विधि-विधान के साथ आरती की गई, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

**ये रहे मौजूद**

*इस अवसर पर अश्वनी जैन, विजय जैन, पवन जैन, नरेंद्र जैन, नितिन जैन, डॉ. पंकज जैन, जितेंद्र जैन, विनोद जैन, रतन जैन, संजय जैन, अरविंद जैन, राजीव जैन, हिमांशु, सुरेंद्र, मयंक व शशि जैन के अलावा श्रीनिवास गुप्ता आदि उपस्थित रहे।*


झज्जर। साधु भोज के दौरान प्रसाद ग्रहण करते हुए साधु-संत। फोटो : हरिभूमि

## भंडारे में हजारों लोगों ने किया प्रसाद ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

स्थानीय किला कॉलोनी स्थित श्री आनंददास आश्रम में रविवार को भंडारे का आयोजन किया गया। ब्रह्मलीन महंत आनंद दास की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आयोजित इस भंडारे में शहर के अलावा निकटवर्ती गांवों के श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। महंत अजय दास महाराज ने बताया कि सुबह हवन में आहुति डालकर सर्वमंगल की कामना की गई। उसके उपरांत साधु भोज व कंजक पूजन के साथ भंडारे की शुरुआत हुई। इससे पूर्व रात्रि आश्रम में सत्संग का आयोजन भी किया गया जिसमें क्षेत्रीय गायक कलाकारों व भजनोपदेशकों द्वारा संतों की महिमा का गुणगान किया गया। इस दौरान नंदू, रजनीश, सैनी, राकेश, रोशनी देवी, समुंद्र, सुंदरनाथ, महेश, जयपाल, भख्तावर, अजीत, काले, कल्लू भगत, अनिल, दीपक, जयपाल सैनी, सुरेंद्र सैनी, डॉक्टर विकास, उमाशंकर वर्मा, अमित पंछी, दीना, बिमला, अनीता, नान्ही देवी, निर्मला सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## डीएवी में ओरिएंटेशन कार्यक्रम में नियमों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़


बहादुरगढ़। कार्यक्रम में स्कूल के बारे में जानकारी देते स्टॉफ सदस्य।

डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल में नर्सरी से 5वीं कक्षा तक के नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम हुआ। इसमें नए विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को विद्यालय के वातावरण, शिक्षण पद्धति तथा नियमों से परिचित करवाया गया।

प्रधानाचार्य राजदीप कुलश्रेष्ठ ने आर्यसमाज के सदस्यों के साथ दीप प्रज्वलन किया। प्रेम, विजय शैलानी व धारणा ने मधुर समूह गीत प्रस्तुत किया। मंच संचालन शिवांगी व दीक्षा ने किया। पीपीटी के माध्यम से आस्था व पंकज ने विद्यालय की गतिविधियों, शिक्षण विधियों एवं उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी। अभिभावकों के साथ संवाद सत्र आयोजित किया गया। प्रिंसिपल ने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम एवं नैतिक मूल्यों का महत्व बताया। कार्यक्रम में ब्रह्मजीत छिकारा, जयपाल दहिया व अमित कुमार आदि उपस्थित रहे।

## बच्चों के व्यवहारिक सुधारों पर की चर्चा

*संस्कारम पब्लिक स्कूल खातीवास में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर


झज्जर। शिक्षकों से अपने बच्चों के परीक्षा परिणाम की जानकारी लेते हुए अभिभावक। फोटो : हरिभूमि

संस्कारम पब्लिक स्कूल खातीवास में रविवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। इस उपलक्ष्य में आयोजित पेरेंट-टीचर इंटरैक्शन में अभिभावकों ने रिकॉर्ड संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर विद्यालय की शिक्षण पद्धति पर भरोसा जताया।

संस्कारम ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉ. महिपाल ने उपस्थित अभिभावकों और विद्यार्थियों संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा केवल अंकों का खेल नहीं है, बल्कि यह चरित्र निर्माण और कौशल विकास की एक निरंतर प्रक्रिया है। उन्होंने सफल छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि संस्थान का लक्ष्य केवल डॉक्टर या इंजीनियर बनाना नहीं, बल्कि समाज को एक बेहतर और जिम्मेदार नागरिक देना है। उन्होंने अभिभावकों को सुझाव दिया कि वे बच्चों पर केवल पढ़ाई का दबाव न डालें, बल्कि उनकी रुचियों और मानसिक स्वास्थ्य का भी पूरा ध्यान रखें। प्रातः नौ बजे से दोपहर करीब दो बजे तक चले इस संवाद सत्र के दौरान शिक्षकों ने प्रत्येक विद्यार्थी के रिपोर्ट कार्ड साझा किए और उनकी शैक्षणिक प्रगति के साथ-साथ व्यवहारिक सुधारों पर भी चर्चा की।


बहादुरगढ़। पदक विजेता पूरब, जतिन व अंश कुमार। फोटो : हरिभूमि

## नरवाना से गोल्ड मेडल जीतकर लौटे जूडो खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

नरवाना में आयोजित हरियाणा जू-जित्सु स्टेट कम्पीटिशन में बहादुरगढ़ के डॉ. भीमराव आंबेडकर स्टेडियम में संचालित सरकारी जूडो सेंटर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। अर्जुन अवॉर्डी कोच पूनम चोपड़ा ने बताया कि पूरब ने अंडर-12 आयुवर्ग व 40 किलोग्राम, जतिन दलाल ने अंडर-18 व 56 किलो, अंश कुमार ने अंडर-14 व 62 किलो श्रेणी में गोल्ड मेडल जीते। स्टेडियम में पहुंचने पर कोच और खिलाड़ियों का स्वागत किया गया।

## मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**मान सिंह हाई स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

लाइनपार स्थित मान सिंह हाई स्कूल का वार्षिकोत्सव रविवार को धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने हरियाणवीं, राजस्थानी, पंजाबी गीतों, गानों पर स्टेज पर धमाल मचाया।

स्कूल निदेशक राजेंद्र छिकारा व निर्मला देवी ने मेधावी बच्चों को सम्मानित किया। वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ को लेकर लघु नाटिका व सामूहिक गान से सार्थक संदेश दिया। लघु नाटिका के जरिये नशे की लत से दूर रहने, साइबर अपराधों से बचाव के अलावा जल बचाओ, ऊर्जा बचाओ व पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूक किया। प्राचार्य नरेंद्र कुमार ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पेश की। टॉपर छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। राजेंद्र छिकारा ने बच्चों को संस्कारवान बने रहने के लिए भी प्रेरित किया। इस मौके पर अशोक कुमार, चांद सिंह, नरेश कुमार, मनीष, हरेंद्र कुमार, कांता, पूनम, अंजली, पुष्पा, हर्षिता, मानसी, पुष्पा, मंजू, दीपिका, हरिता, नेहा, मीना, पूजा व रिंकल आदि मौजूद रहे।


बहादुरगढ़। टॉपर विद्यार्थी को सम्मानित करती स्कूल चेयरपर्सन निर्मला देवी व अन्य। फोटो : हरिभूमि


झज्जर। खिलाड़ियों के साथ उपस्थित होनहार खिलाड़ी प्राची चाहर। फोटो : हरिभूमि

## बॉक्सिंग फ्यूचर कप में प्राची ने जीता मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

बैंकॉक में आयोजित वर्ल्ड बॉक्सिंग फ्यूचर कप में एचआर ग्रीन फील्ड स्कूल की छात्रा प्राची चाहार ने लीग मैच में साउथ अमेरिका के एक्वाडोर देश की खिलाड़ी को हराकर मेडल जीता कर स्कूल व अभिभावकों का नाम देशभर में रोशन किया। इस उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधक विकास धनखड़, प्रदीप धनखड़ व प्राचार्य मोहिंदर सिंह गुलिया ने बधाई देते हुए प्राची के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


बहादुरगढ़। समर्थकों के साथ गोहाना रवाना होते भाजपा नेता। फोटो : हरिभूमि

## उत्साह के साथ गोहाना रैली में भाग लेने गए भाजपाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

रविवार को स्थानीय भाजपाई उत्साह के साथ गोहाना में आयोजित मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की धन्यवाद एवं विकास रैली में भाग लेने के लिए रवाना हुए। कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा की अध्यक्षता में हुई रैली में में सीएम ने करीब 113 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष नरेश भारद्वाज, प्रदीप राठी, मुकेश कौशिक, नीरज वत्स व प्रमोद आर्य आदि ने गोहाना रवाना होते हुए कहा कि भाजपा सरकार लगातार हरियाणा को विकास के पथ पर आगे बढ़ा रही है।

## कैंप में योग के बाद की जरूरतमंदों की मदद

- देशभक्ति, माता-पिता की सेवा प्रकृति संरक्षण, शिक्षा के महत्व पर स्वयंसेवकों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़


बहादुरगढ़। स्वयंसेवकों को योगाभ्यास करवाते जगदीश सहवाग। फोटो : हरिभूमि


बहादुरगढ़। गरीब लोगों में जरूरी सामग्री वितरित करते स्वयंसेवक। फोटो : हरिभूमि

राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ में चल रहे एनएसएस कैंप के 5वें दिन रविवार को योग व अन्य गतिविधियों के बाद स्वयंसेवकों ने जरूरतमंदों लोगों में आवश्यक सामान वितरित किया। प्राचार्य दलबीर सिंह के मार्गदर्शन में कार्यवाहक कार्यक्रम अधिकारी अमित कुमार तथा कार्यक्रम अधिकारी रचना के साथ पूनम रानी व देवेंद्र आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में योगाचार्य जगदीश कुमार सहवाग ने विद्यार्थियों को योग एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाते हुए योग के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने देशभक्ति, माता-पिता की सेवा, प्रकृति संरक्षण, शिक्षा के महत्व और नैतिक मूल्यों पर भी स्वयंसेवकों को जागरूक किया। इसके उपरांत स्वयंसेवकों ने झुग्गी-झोपड़ी में जाकर जरूरतमंद लोगों में कपड़ों एवं खाद्य सामग्री का वितरण किया। रमनदीप ने गिटार पर मधुर प्रस्तुति दी। कृष्ण गोपाल विद्यार्थी ने कविता पाठ किया। प्रिंसिपल दलबीर सिंह ने एनएसएस के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को समाज सेवा, अनुशासन एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

## भारतीय मूल्य समाजोत्थान के लिए संजीवनी : राकेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर


झज्जर। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए वक्ता।

भारतीय सनातन व आध्यात्मिक परम परंपराएं समाज के लिए आदिकाल से ही उपयोगी रही हैं। हमारा भारतीय समाज इन्हीं परंपराओं के सहारे विश्व के लिए अनुकरणीय रहा है। धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष के आधार पर चली जीवन शैली ने भारत को विश्व गुरु बनाया है। ये विचार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उत्तर क्षेत्र के ग्राम विकास प्रमुख राकेश ने माजरा स्थित जटेला धाम में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि भारतीय कुटुंब-प्रबोधन और जजमानी व्यवस्था ने समाज को इतना सुदृढ़ कर दिया था कि गो-आधारित स्वदेशी खेती, धरती माता और पर्यावरण संरक्षण अपने आप हो जाते थे। भारत का कुटुंब अपने आप में सनातन मूल्य की प्रयोगशाला होता था और रसोई घर आयुर्वेदिक चिकित्सालय के तौर पर कार्य करता था। परंतु विदेशी हुक्मरानों ने हमारी सनातन संस्कृति को छिन्न-भिन्न करने का काम किया है। कार्यक्रम में उपस्थित अखिल भारतीय ग्राम विकास प्रमुख गुरुराज ने कहा कि भारत गांवों का देश है।

गांव स्वावलंबी जीवन शैली के अनुपम आदर्श रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महंत राजेंद्र दास ने कहा कि स्वामी नितानंद ने भी भारतीय मूल्य और वेदांत परंपराओं का अपने सत्य सिद्धांत प्रकाश में सहज ढंग से प्रस्तुत करके मानवता का मार्गदर्शन किया है। हरियाणा प्रांत के संघ संचालक प्रताप ने कहा कि ग्रामों के विकास के बिना भारत की समग्र तरक्की का सपना बेमानी है।

कार्यक्रम में प्रभात फेरी, कन्या पूजन, गुरु पूजन, गो पूजन, वृक्षारोपण और वृक्ष पूजा करके अपनी पारंपरिक समृद्ध परंपराओं का जीवंत प्रस्तुतिकरण किया गया। इस मौके पर गोविंद भारद्वाज, सरूप राम, मास्टर आशीष, जबर सिंह, सतवीर सिंह, राजवीर डबास सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

गेहूं के लिए दस और सरसों खरीद के लिए बनाए पांच खरीद केंद्र

# डीसी ने किया अनाज मंडी का दौरा खरीद व्यवस्था पर कैमरों से नजर





झज्जर। डीसी को फसल नमी की जांच कर दिखाते हुए विभागीय कर्मचारी, अनाज मंडी परिसर में आढ़तियों की समस्याएं सुनते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

रविवार को डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने अनाज मंडी का दौरा कर सरसों की खरीद प्रक्रिया का जायजा लिया तथा आगामी गेहूं खरीद को लेकर की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडी में किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए और सभी व्यवस्थाएं समय रहते पूरी कर ली जाएं। डीसी ने बताया कि जिले में सरसों की खरीद 28 मार्च से शुरू हो चुकी है, जो पांच निर्धारित खरीद केंद्रों पर सुचारू रूप से जारी है। वहीं, दस खरीद केंद्रों पर गेहूं की सरकारी खरीद एक अप्रैल से प्रारंभ होगी, जिसके लिए प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने मंडी में साफ-सफाई, पेयजल, बैठने की व्यवस्था, शौचालय, बिजली और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मंडी आढ़तियों की समस्याएं भी सुनीं और समाधान के प्रति आश्वस्त किया। उन्होंने बताया कि रबी फसलों की खरीद की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए मार्केटिंग बोर्ड कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। यह कंट्रोल रूम जिले की सभी मंडियों में चल रही खरीद प्रक्रिया पर सीसीटीवी के माध्यम से नजर रखेगा। इससे पारदर्शिता बनी रहेगी और किसी भी प्रकार की अनियमितता पर तुरंत कार्रवाई संभव हो सकेगी।

**सरसों का भाव 6200 रुपये प्रति क्विंटल**

डीसी ने बताया कि इस बार सरकार द्वारा गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल तथा सरसों का 62सौ रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। जिले में गेहूं की खरीद के लिए झज्जर, बेरी, मातनहेल, माजरा दूबलधन, बहादुरगढ़, पाटौदा, आसौदा, बादली तथा ढाकला सहित कुल 10 मंडियां निर्धारित की गई हैं, जबकि सरसों की खरीद के लिए झज्जर, बेरी, मातनहेल, पाटौदा, बादली एवं बहादुरगढ़ मंडियों में व्यवस्था की गई है।

# बच्चों के सर्वांगीण विकास में अभिभावकों व शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण : डॉ. महिपाल

■ अभिभावकों ने अपने बच्चों के प्रदर्शन को लेकर शिक्षकों से व्यक्तिगत रूप से संवाद किया



झज्जर। बैठक में अपने बच्चों की शैक्षणिक रिपोर्ट का जायजा लेते हुए अभिभावक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

संस्कारम इंटरनेशनल स्कूल पाटौदा में रविवार को अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। प्राचार्या श्वेता कौशिक ने बताया कि बैठक में चेयरमैन डॉ. महिपाल ने विशेष रूप से शिरकत की। उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल शिक्षा देना नहीं, बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व का समग्र विकास करना है। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में अभिभावकों और शिक्षकों की संयुक्त भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। बैठक के दौरान अभिभावकों ने अपने बच्चों के प्रदर्शन को लेकर शिक्षकों से व्यक्तिगत रूप से संवाद किया और आवश्यक सुझाव दिए। शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों की कमजोरियों और मजबूत पक्षों को साझा करते हुए सुधार के उपाय बताए।

## जाखोदा में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**बहादुरगढ़।** गांव जाखोदा स्थित मच्छी मार्केट में रविवार सुबह करीब साढ़े 5 बजे एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। मृतक की उम्र लगभग 38 वर्ष बताई जा रही है। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है और मृतक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

# मेडिकल कॉलेज में इंटरव्यू लेकर किया योग्य उम्मीदवारों का चयन



बहादुरगढ़। एक अभ्यर्थी का साक्षात्कार लेते ट्रस्ट पदाधिकारी।

**बहादुरगढ़।** नूना माजरा स्थित महाराजा अग्रसेन केदार नाथ गुप्ता मेडिकल कॉलेज रविवार को लगातार दूसरे दिन वॉक-इन इंटरव्यू के तहत प्रतिभाशाली एवं योग्य अभ्यर्थियों को नियुक्तियां दी गई। मुख्य सलहाकार डॉ. सुशील गुप्ता, डॉ. ओपी कालरा, डॉ. बीएल शेरवाल, डॉ. पूनम अग्रवाल तथा राजेश गुप्ता आदि ने इंटरव्यू के दौरान पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से अभ्यर्थियों का मूल्यांकन किया।

# सामुदायिक मध्यस्थता केंद्र में 21 मामलों का किया निपटारा

■ लोगों को अपने छोटे विवादों के निपटारे के लिए उसे मध्यस्थता केंद्र के समक्ष रखकर लाभ उठाना चाहिए



झज्जर। सामुदायिक मध्यस्थता केंद्र में पहुंचे लोगों की समस्याओं का समाधान करते हुए प्रशिक्षित मध्यस्थ। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

सामुदायिक मध्यस्थता केंद्र में 27 मामलों में से 21 मामलों का आपसी सहमति से समझौता कराया गया। प्रशिक्षित मध्यस्थ कर्मजीत छिल्लर ने बताया कि जो भी समझौता दोनों पक्षों की सहमति से होगा उसका लिखित विवरण किया जाएगा तथा इस लिखित फैसले के विरुद्ध किसी भी न्यायालय में कोई अपील नहीं की जा सकती। शिकायतकर्ता उपरोक्त समझौता सदन में स्वयं प्रार्थना पत्र देकर अपने मामले की सुनवाई करा सकता है। इस प्रकार प्रार्थी पुलिस थाने व न्यायालय के चक्कर लगाने से बच सकते हैं। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि लोगों को अपने छोटे विवादों के निपटारे के लिए उसे मध्यस्थता केंद्र के समक्ष रखकर लाभ उठाना चाहिए।

# माउंट व्यू में किया विद्यार्थियों को सम्मानित



बहादुरगढ़। टॉपर विद्यार्थियों को सम्मानित करते प्रिंसिपल व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

माउंट व्यू सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अभिभावक-शिक्षक बैठक का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को पढ़ाई, अनुशासन और सह-पाठयक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मेधावी एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को शील्ड व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य सुरेंद्र छिल्लर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी और सर्टिफिकेट देकर उनका उत्साहवर्धन किया। स्कूल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में हिमानी, काम्या, अंजलि, अविका, रितिक, अनीशा, लक्ष्य, राशि ढुल, कीर्ति, अंशिका, निकिता तथा हर्ष प्रमुख रहे। नीलम लाठर व अधिवक्ता परमवीर सिंह ने विद्यार्थियों को विशेष रूप से सराहा और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्कूल निदेशक देवेंद्र लाठर ने विद्यार्थियों से कहा कि निरंतर मेहनत और लगन से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने अभिभावकों से भी बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहयोग देने का आग्रह किया। इस अवसर पर अभिभावकों ने विद्यालय के प्रयासों की सराहना की और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## सैनी ने आगामी चुनावों में भाजपा की जीत का किया दावा

**बहादुरगढ़।** भाजपा नेता एवं सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन रामकंवार सैनी ने दावा किया कि आगामी 5 राज्यों के चुनाव में भाजपा की जीत तय है। भाजपा के स्टार प्रचारक पार्टी की कार्यशैली, रीति, नीति और नियम की जानकारी देकर अपने पक्ष में माहौल बना रहे हैं। रामकंवार सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीति और नीयत पर देश की जनता का विश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा कि बंगाल में अराजकता की समाप्ति भाजपा ही कर सकती है। असम में भाजपा सरकार बनने के बाद शांति है और विकास की रफ्तार बढ़ी है। उनके अनुसार मोदी के नेतृत्व के कारण ही वैश्विक संकट के दौरान भी हमारे देश में तेल और गैस की कमी नहीं है। मोदी बड़े धैर्य से सभी समस्याओं का निवारण कर रहे हैं। देशवासियों को भी उनका साथ देना चाहिए।



रामकंवार सैनी

भविष्य के कॅरियर विकल्पों पर विस्तृत जानकारी दी

# अभिभावकों ने ली बच्चों की शैक्षिक प्रगति की जानकारी

■ कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों एवं शिक्षकों के बीच सार्थक संवाद स्थापित करना रहा



झज्जर। बैठक में बच्चों के परीक्षा परिणाम की जानकारी लेते हुए अभिभावक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

इंडो अमेरिकन स्कूल में रविवार को नर्सरी से कक्षा 11वीं तक के विद्यार्थियों के वार्षिक परीक्षा परिणामों के उपलक्ष्य में अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। अभिभावकों अपने बच्चों के साथ स्कूल पहुंचे तथा उन्होंने शिक्षकों से मिलकर अपने बच्चे की शैक्षिक प्रगति रिपोर्ट व परीक्षा परिणामों की जानकारी ली। उन्होंने शिक्षकों से मिलकर विद्यार्थियों के शैक्षणिक प्रदर्शन, व्यवहार, अनुशासन, उपस्थिति एवं सह-पाठयक्रम गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों एवं शिक्षकों के बीच सार्थक संवाद स्थापित करना तथा विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं समग्र विकास की दिशा में साझा प्रयासों को सुदृढ़ करना था। स्कूल निदेशक बिजेंद्र कादियान ने बताया कि इस दौरान दसवीं व बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों के लिए विशेष मार्गदर्शन सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के प्रभावी तरीके, समय प्रबंधन, परीक्षा रणनीति, विषय चयन एवं भविष्य के कॅरियर विकल्पों पर विस्तृत जानकारी दी गई।

## पारितोषिक वितरण समारोह में किया होनहार विद्यार्थियों का सम्मान



झज्जर। पारितोषिक वितरण समारोह में अतिथियों के साथ उपस्थित होनहार विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

**झज्जर।** महाराजा अग्रसेन मिडिल कम प्ले स्कूल में रविवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में आर्य समाज के मंत्री प्रकाश वीर गर्ग ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कहा कि अभिभावकों को अपने बच्चों की तरफ विशेष ध्यान देना चाहिए, जिससे वे बचपन से ही मेहनत करके उच्च पदों पर आसीन हो सकें। स्कूल प्रबंधक केशव सिंगल ने उपस्थित जनसमूह के समक्ष स्कूल की प्रगति रिपोर्ट पढ़ी तथा वर्ष भर में हासिल उपलब्धियों की जानकारी दी। इस दौरान परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक हासिल करने वाले होनहार विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर महाराजा अग्रसेन एजुकेशन ट्रस्ट सदस्य गौरव गोयल, दिनेश गोयल, ईंट-भट्ठा एसोसिएशन के जिला प्रधान सुरेंद्र ठेकेदार, महाराजा अग्रसेन एजुकेशन ट्रस्ट के उप प्रधान प्रवीण गोयल, सचिव गौरव गोयल, खजांची तरुण सिंघल, गौ सेवा आयोग के सदस्य प्रमोद बंसल, सतनारायण सिंगल, अश्वनी अरोड़ा, आनंद बंसल, सूबे सिंह हरित, आनंद रोहिल्ला सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## शैक्षणिक, सांस्कृतिक व खेल गतिविधियों में उत्कृष्ट विद्यार्थी पुरस्कृत किए

*झज्जर। मदर इंडिया वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मारौत में रविवार को वार्षिक परीक्षा परिणमों की घोषणा व अध्यापक-अभिभावक मीटिंग का आयोजन किया गया। विद्यार्थी अपने अभिभावकों के साथ स्कूल पहुंचे। अभिभावकों ने शिक्षकों से मिलकर अपने बच्चों की वार्षिक परीक्षा परिणाम संबंधी जानकारी ली तथा उसकी पढ़ाई के संबंध में चर्चा की। मदर इंडिया शिक्षा सुधार समिति निदेशक रामफूल शास्त्री, प्राचार्या संतोष कुमारी, कॉर्डिनेटर पवन शर्मा की टीम ने सभी अभिभावकों से व्यक्तिगत रूप में बच्चों के परिणाम के संबंध में विचार-विमर्श कर उनके सुझाव प्राप्त किए। इस दौरान विद्यालय में उपस्थिति, स्कूल यूनिफॉर्म, शैक्षिणिक, खेल व सांस्कृतिक गतिविधियों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले होनहार विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।*



एचडी स्कूल साल्हावास का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

# मेधावी विद्यार्थियों को दी प्रोत्साहन राशि

विद्यार्थियों द्वारा आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रही




झज्जर। होनहार विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि का प्रतीकात्मक चेक प्रदान करते हुए डायरेक्टर रमेश गुलिया। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

एचडी स्कूल साल्हावास में रविवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम के तीसरे चरण की घोषणा की गई। कार्यक्रम में छठी से नौवीं व ग्यारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रबंधन समिति द्वारा पारितोषिक व प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एचडी ग्रुप के डायरेक्टर रमेश गुलिया, सचिव विशाल नेहरा, हेमंत गुलिया तथा प्राचार्या प्रीति राठी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करते हुए किया। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें ग्यारहवीं कक्षा के विज्ञान संकाय के नीट सेक्शन में दुर्गानंदिनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि वंशिका द्वितीय तथा अंकित तृतीय रहा। विजेता विद्यार्थियों को क्रमशः 21 हजार, 15 हजार व 11 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया गया। जेईई सेक्शन में दीपांशु पहले, अंकिता दूसरे व चेतना तीसरे स्थान पर रही। वाणिज्य संकाय में कोमल ने प्रथम, दृष्टि ने द्वितीय व साहिल ने तृतीय स्थान हासिल किया। कला संकाय में सोनू प्रथम, अंशु द्वितीय व हिमानी तृतीय रही। परीक्षा परिणामों में नौवीं कक्षा में हिमांशी ने पहला, इरा ने दूसरा व यश जाखड़ ने तीसरा स्थान हासिल किया। इनके अलावा छठी से आठवीं तक के 132 विद्यार्थियों को 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने के लिए पुरस्कृत किया गया।

# परीक्षा परिणामों के बाद होनहार विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत



झज्जर। होनहार विद्यार्थियों के साथ उपस्थित निदेशक धर्मेंद्र जून।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

कैंब्रिज विद्यालय में वार्षिक परीक्षा परिणामों की घोषणा कर ग्रेजुएशन सेरेमनी मनाई गई। इस दौरान नर्सरी से आठवीं व नौवीं तथा ग्यारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणामों की घोषणा की गई। बड़ी संख्या में अभिभावकों ने पहुंचकर अपने बच्चों के परीक्षा परिणामों की जानकारी ली। इस दौरान शिक्षकों व अभिभावकों ने बैठक कर बच्चों के शैक्षणिक प्रदर्शन, प्रगति एवं सुधार के पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की। विद्यालय का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा, जिसमें अनेक विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मेधावी विद्यार्थियों को ग्रेजुएशन सेरेमनी की तर्ज पर ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। निदेशक धर्मेंद्र जून ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें निरंतर परिश्रम एवं अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया गया कि नया सत्र 1 अप्रैल से प्रारंभ होगा तथा सभी कक्षाओं का नियमित संचालन इसी दिन से शुरू किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### समस्याओं के समाधान के लिए आज लगेंगे शिविर

**झज्जर।** सोमवार को आमजन की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा जिला मुख्यालय सहित सभी उपमंडलों में समाधान शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक लगाए जाएंगे। जहां नागरिकों की शिकायतें सुनकर उनका मौके पर ही निपटान सुनिश्चित किया जाएगा। प्रवक्ता ने बताया कि जिला स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन लघु सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में किया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त स्वप्निल रविंद्र पाटिल करेंगे। जबकि उपमंडल स्तर पर संबंधित एसडीएम लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनेंगे।

### 455 ग्राम चरस के साथ गाड़ी चालक पकड़ा

**बहादुरगढ़।** सीआईए टू बहादुरगढ़ की टीम ने एक आरोपी को चरस के साथ काबू किया है। प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर जरनैल निवासी गांव झाड़ोदा को सफेद रंग की गाड़ी में नए बस स्टैंड के पास सर्विस रोड पर काबू किया। संदेह पर नियमानुसार राजपत्रित अधिकारी के समक्ष गाड़ी सहित तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से 455 ग्राम चरस और 2 लाख 35 हजार रुपये बरामद हुए। आरोपी के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत थाना शहर बहादुरगढ़ में मामला दर्ज कर अदालत में पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### श्री हनुमान जन्मोत्सव पर हवन एवं भंडारा 2 को

**झज्जर।** श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में दो अप्रैल को मेन बाजार स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में हवन व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। श्री प्राचीन हनुमान मंदिर सेवा समिति पदाधिकारी वरूण सिंगल ने बताया कि सुबह दस बजे हवन कार्यक्रम का आयोजन होगा। दोपहर करीब 12 बजे से भंडारे की शुरुआत की जाएगी। शाम को 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक बाबा की सवारी निकाली जाएगी जो प्रमुख चौक-चौराहों से होते हुए वापिस मंदिर परिसर पहुंच कर संपन्न होगी।

# अनाजमंडी में नहीं हुई सरसों की सरकारी खरीद, 80 क्विंटल व्यापारियों ने खरीदी

- सरसों का न्यूनतम समर्थन मूल्य 6200 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है, जबकि व्यापारी 6230 से 6300 रुपये तक में खरीद रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

स्थानीय अनाज मंडी में रविवार को भी सरसों की सरकारी खरीद नहीं हुई। मंडी में पहुंचे किसानों ने अपनी उपज निजी व्यापारियों को बेची। बहादुरगढ़ अनाज मंडी में रविवार सरसों की निजी आवक करीब 80 क्विंटल दर्ज की गई। इस दौरान केवल 4 गेट पास जारी किए गए, जो आवक की सीमित स्थिति को दर्शाता है। निजी व्यापारियों द्वारा सरसों का भाव 6230 रुपये से 6300 रुपये प्रति क्विंटल के बीच रहा, जबकि सरकार द्वारा 6200 रुपये के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सरसों खरीदी जा रही है। वहीं, सीजन के दौरान अब तक सरसों की कुल प्रोग्रेसिव आवक लगभग 600 क्विंटल तक पहुंच चुकी है।



**बहादुरगढ़।** अनाज मंडी में पहुंची सरसों की फसल को साफ करते श्रमिक।

**गांव साल्हावास में करीब डेढ़ एकड़ फसल काटकर रखी थी खेत में, आग में जलकर राख**

# अज्ञात लोगों ने खेत में पड़ी सरसों में लगाई आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

क्षेत्र के गांव साल्हावास में अज्ञात लोगों द्वारा आग लगाए जाने से खेत में रखी करीब डेढ़ एकड़ सरसों की फसल आगजनी की भेंट चढ़ गई। जानकारी के अनुसार, साल्हावास गांव निवासी किसान प्रमोद पुत्र बनवारी लाल व आशीष पुत्र खेतिया ने सुधराना रोड स्थित झांसवा माइनर के खेतों में कटाई के बाद अपनी करीब डेढ़ एकड़ सरसों की फसल को दो ढेरी बनाकर एक स्थान पर रख दिया था। शनिवार को किसी व्यक्ति द्वारा उसमें आग लगा दी गई, जिस कारण पूरी फसल जलकर राख हो गई। देर रात हुई इस घटना में पड़ोसी के खेत के किसानों ने जब आग की लपटें उठती देखीं तो उन्होंने खेत मालिकों को सूचना दी तथा स्वयं आग पर काबू पाने का प्रयास करने लगे। इस दौरान बिजली निगम को सूचना देकर बिजल सप्लाई चालू कराई गई तथा ट्यूबवेल चलाकर बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब पूरी फसल जलकर नष्ट हो चुकी थी। पीड़ित किसानों ने डायल 112 के माध्यम से पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल का मौका-मुआयना करने के बाद जांच शुरू कर दी है।



**झज्जर।** आगजनी की घटना के बाद जली फसल को देखते हुए किसान।

## स्टेट सब जूनियर चैंपियनशिप में 292 लड़के और 202 लड़कियां ले रहीं हिस्सा

# बॉक्सिंग में झज्जर के प्रिंस, अंश, वंदना और यशी ने दिखाया मुक्कों का दम

बीएसएम स्कूल में आयोजित चार दिवसीय प्रतियोगिता में नजफगढ़ की विधायक नीलम कृष्णा पहलवान ने उभरते हुए बॉक्सरों का उत्साहवर्धन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

हरियाणा राज्य स्तरीय चौथी सब-जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप के दूसरे दिन रविवार को लड़के व लड़कियों के कड़े मुकाबले देखने को मिले। नजफगढ़ की विधायक नीलम कृष्ण पहलवान ने उभरते हुए बॉक्सरों का उत्साहवर्धन किया।

हरियाणा बाक्सिंग संघ के महासचिव ओमबीर हुड्डा ने बताया कि बहादुरगढ़ के बीएसएम स्कूल में आयोजित चार दिवसीय प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी जिलों से 292 लड़के और 202 लड़कियां हिस्सा ले रहे हैं।

आयोजकों में शामिल कोच गोविंद दलाल ने बताया कि प्रतियोगिता के दूसरे दिन रविवार को आयोजित क्वार्टर फाइनल मुकाबले में सब जूनियर 30-33 किलो भारवर्ग में फतेहाबाद के आकाश, रोहतक के वंश, साईं के निर्भय अत्री और झज्जर के प्रिंस ने जीत हासिल की। जबकि 33-35 किलो भार वर्ग में पानीपत के तनिष्क, यमुनानगर के आदित्य, साईं के प्रणव और हिसार के सौरभ ने जीत प्राप्त की। वहीं 35-37 किलो भारवर्ग में साईं के निशांत, मेवात के आर्यन, गुड़गांव के गर्वित और सोनीपत के वंश जीते। जबकि 37-40 किलो भारवर्ग में जींद के सोमेश, कुरुक्षेत्र के सूरज व भिवानी के गौरव बेनीवाल को जीत मिली।

उन्होंने बताया कि 40-43 किलो भारवर्ग में मेवात के विहान, फतेहाबाद के केशन, पलवल के प्रीतम और हिसार के कुणाल को जीत प्राप्त हुई। वहीं 43-46 किलो भारवर्ग में करनाल के प्रतीक, हिसार के वंश, सिरसा के अंकुश और झज्जर के अंश मान को विजय मिली। पहले दिन बेहद रोमांचक मुकाबले देखने को मिले।



**बहादुरगढ़।** एक मैच के दौरान पंच जड़ते सब जूनियर मुक्केबाज।

### अंबाला की तन्वी ने बाजी मारी

आयोजन समिति से जुड़े अमन ने बताया कि लड़कियों के 30-33 किलो भारवर्ग में अंबाला की तन्वी, करनाल की जन्नत, हिसार की कैफी और पानीपत की अक्षिता जीती। जबकि 33-35 किलो भारवर्ग में झज्जर की वंदना, कुरुक्षेत्र की पल्लवी, पानीपत की कनिका और भिवानी की जिया ने जीत हासिल की। वहीं 35-37 किलो भारवर्ग में साईं की खुशी, जींद की ऋतु, मेवात की यशवी और हिसार की यश्विनी ने जीत प्राप्त की। उधर, 37-40 किलो भारवर्ग में पानीपत की गरिमा, भिवानी की यशिका, सोनीपत की ख्वाहिश और हिसार की सोनिया जीती। जबकि 40-43 किलो भारवर्ग में गुरुग्राम की तन्वी, यमुनानगर की वासु, कैथल की दीपांशु और झज्जर की यशी यादव ने जीत हासिल की। वहीं 43-46 किलो भारवर्ग में पलवल की तमन्ना, कैथल की अंतिम, फरीदाबाद की अंशिका और करनाल की सिया ने विजय प्राप्त की।

# दिल्ली, हरियाणा और देहरादून में जीते बीआरजी के धावक



**बहादुरगढ़।** दिल्ली में आयोजित दौड़ स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन करने वाले धर्मवीर, रोहित जून और सत्यवान डागर।

- हाफ मैराथन में 31 से 40 आयुवर्ग में सोनपाल सिंह व 41 से 50 आयुवर्ग में नरेंद्र जांगड़ा ने पहला स्थान प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

रविवार को दिल्ली, हरियाणा और देहरादून में आयोजित दौड़ स्पर्धाओं में बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप के धावकों ने शानदार प्रदर्शन किया। ग्रुप संस्थापक दीपक छिल्लर ने सभी विजेता धावकों को बधाई देते हुए कहा कि बीआरजी देश में बड़े स्तर पर अपनी पहचान बना रहा है।

दिल्ली में हुई टाइम्स इंटरनेट हाफ मैराथन में रोहित जून और सत्यवान डागर ने शानदार प्रदर्शन किया। धर्मवीर ने 5 किलोमीटर दौड़ को मात्र 20 मिनट में पूरा किया। नारनौल में हुई हाफ मैराथन में 31 से 40 आयुवर्ग में सोनपाल सिंह ने प्रथम स्थान हासिल किया। नरेंद्र जांगड़ा ने 41 से 50 आयुवर्ग में पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि महिलाओं के 41-50 आयुवर्ग में सरिका यादव ने प्रथम स्थान हासिल किया। राजेश कुमार ने 51 से 60 आयुवर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उत्तराखंड के देहरादून में शहीद रन 5.0 में भी बीआरजी के धावकों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। गुलाब सिंह ने 21 किलोमीटर दौड़ में तीसरा स्थान हासिल किया, जबकि 5 किलोमीटर दौड़ में राजपाल ने पहला स्थान प्राप्त किया।

## काले बादलों व तेज हवाओं से किसान चिंतित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर



आसमान में छाए काले बादलों और चल रही तेज हवाओं के कारण किसानों को अपनी फसल खराब होने की चिंता सता रही है। रविवार को भी दिनभर मौसम का मिजाज बदलता रहा। दिन की शुरुआत आसमान में छाए काले बादलों और तेज हवाओं के साथ हुई। लेकिन बाद में मौसम साफ हो गया और दिनभर हल्की धूप निकली रही। इसके बाद किसानों को कुछ राहत महसूस हुई। लेकिन सायं ढलने के साथ एक बार फिर मौसम का मिजाज बदला और एकाएक आसमान में छाए बादलों के बीच तेज हवाएं चलने लगी। इसके कारण किसानों को अपनी फसलों की चिंता सताने लगी। उधर, विशेषज्ञ आगामी दो दिनों में मौसम परिवर्तनशील रहने का अनुमान लगा रहे हैं। वहीं, तेज हवाओं के कारण मौसम खुशनुमा हो गया और तापमान में गिरावट दर्ज की गई। रविवार को अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

# शहीद लेफ्टिनेंट अमित जाखड़ को सीएम ने संदेश भेजकर दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

### महाराष्ट्र के बेलगांव में 22 मार्च को प्रशिक्षण के दौरान शहीद हुए थे लेफ्टिनेंट अमित

क्षेत्र के गांव नौगावां निवासी शहीद लेफ्टिनेंट अमित जाखड़ के निधन पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शोक व्यक्त किया है। रविवार को मुख्यमंत्री के ओएसडी वीरेंद्र सिंह बड़खालसा गांव नौगावां पहुंचे और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा भेजा गया शोक संदेश शहीद के पिता राज सिंह को सौंपा। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि महाराष्ट्र के बेलगांव में 22 मार्च को प्रशिक्षण के दौरान लेफ्टिनेंट अमित जाखड़ के शहीद होने का समाचार अत्यंत दुःखद है। उन्होंने कहा कि इस दुःख की घड़ी में वे शहीद के परिजनों के साथ खड़े हैं और अपनी हार्दिक संवेदनाएं प्रकट करते हैं।



**झज्जर।** शहीद अमित जाखड़ के परिजनों को सांत्वना देते हुए मुख्यमंत्री के ओएसडी वीरेंद्र सिंह बड़खालसा।

# गाड़ी क्षतिग्रस्त करने पर पैसे मांगे तो किया हमला

- सेल्फ ड्राइविंग के तहत कार किराए पर ले गए थे आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

किराए पर दी गाड़ी का एक्सीडेंट करने पर नुकसान के पैसे मांगे तो आरोपियों ने कार मालिक पर जानलेवा हमला कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मारपीट, धमकी और अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव आसन निवासी मनदीप पुत्र विरेंद्र सिंह बहादुरगढ़ की कुबेर कॉलोनी में रहता है और सेल्फ ड्राइविंग के लिए अपनी गाड़ियां किराए पर देता है। उसने 15 मार्च को अपनी एक कार वैभव उर्फ विशु को किराए पर दी थी। लेकिन आरोपी गाड़ी का एक्सीडेंट करके खड़ा करके चला गया। नुकसान के पैसे मांगने पर धमकियां देने लगा। वैभव और उसके भाई यशु ने मनदीप के ड्राइवर को रोककर धमकी दी। इस पर पीड़ित ने 26 मार्च को सिटी थाना बहादुरगढ़ में शिकायत दी।

अगले दिन 27 मार्च की रात करीब 11 बजे वह अपने दोस्त अजय के साथ सेक्टर-9 से लौट रहा था। जब वे सेक्टर-13 पहुंचे तो एक काले रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी में सवार वैभव उर्फ विशु और युवराज उर्फ यशु समेत 3-4 साथियों ने उनकी कार को टक्कर मारकर रोक लिया। आरोपी गाड़ी से उतरकर आए और तलवार लेकर पीछे दौड़े। आरोपियों ने उसे पकड़ लिया और लात-घूंसों से जमकर पीटा। शोर सुनकर कुछ लोग आए और हमें बचाया। घायल मनदीप को निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

## अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराई किसान की मौत

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव धनीरवास में खेतों से काम करके वापिस घर लौटते समय बीच रास्ते किसान की बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वह पेड़ जा टकराया। इसके चलते लगी गंभीर चोटों के कारण उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान मूल रूप से जिले के माजरा-डी निवासी करीब 50 वर्षीय मंजीत पुत्र रामनिवास के तौर पर हुई है।

मंजीत अविवाहित था तथा पिछले कई माह से अपनी बहन के मायके में रहकर उसका खेतीबाड़ी कार्यों में हाथ बंटाता था। वह शनिवार को खेत में काम करने गया था। रात को जब बाइक पर वापिस घर लौट रहा था तो उसकी बाइक सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। इस संबंध में मृतक के भाई सुघबीर के बयान पर इत्तिफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

**पहल** विधायक राजेश जून ने पुरानी किताबें दान करने का किया आह्वान

# शिक्षा की दीवार पुस्तक मेले में 356 जरूरतमंद विद्यार्थियों को मिलीं किताबें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

सुनहरा कल फाउंडेशन द्वारा शहर के वार्ड नंबर-22 में पार्षद प्रवीण सोनू के कार्यालय पर शिक्षा की दीवार पुस्तक मेला आयोजित किया गया। इस मेले के दौरान 356 विद्यार्थियों ने पुस्तकें हासिल की। विधायक राजेश जून ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए आमजन से भी जरूरतमंद विद्यार्थियों को पुरानी किताबें दान करने का आह्वान किया।

विधायक राजेश जून ने शिक्षा की दीवार के माध्यम से जरूरतमंद बच्चों को निशुल्क पुस्तकें, कॉपियां, पेन, जूते व अन्य शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराने की पहल को बेहद सराहनीय बताया। उन्होंने कहा कि यह कार्य समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के सपनों को साकार करने में अहम भूमिका निभा रहा है। सुनहरा कल फाउंडेशन की संस्थापक डॉ. सुनीता छिल्लर ने बताया कि वे पिछले 6 वर्षों से शिक्षा की दीवार पुस्तक मेला लगा रहे हैं। इस पहल के तहत परीक्षा पास कर चुके बच्चे अपनी पुरानी किताबें व शिक्षा सामग्री दान करते हैं, जिससे जरूरतमंद बच्चे उन्हें निशुल्क प्राप्त कर अपनी पढ़ाई जारी रख पाते हैं। पार्षद प्रवीण सोनू व सत्येंद्र दहिया ने सभी सहयोगियों, दानदाताओं एवं स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर विवेक स्कूल के संचालक विजेंद्र दलाल, डॉ. संजय हॉस्पिटल की निदेशक पूनम सिंह, ट्रैफिक एसएचओ सतीश कुमार, शिक्षाविद प्रतिभा पांचाल, संजीव शर्मा, विक्रांत छिल्लर, मास्टर प्रवीण मलिक, दिनेश कुमार, मनमोहन सिंह, जयइंद्र सहरावत, श्रवण, सोनू व मनीष आदि उपस्थित रहे।



**बहादुरगढ़।** पुस्तक प्राप्त करने वाले बच्चों के साथ विधायक व अन्य।

# दिव्यांग रेखा ने व्हीलचेयर तलवारबाजी में जीते 2 पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

नगर परिषद में कार्यरत दिव्यांग रेखा देवी ने राष्ट्रीय स्तर की व्हीलचेयर तलवारबाजी प्रतियोगिता में स्वर्ण व रजत पदक हासिल किए हैं। मूल रूप से चरखी दादरी के मकड़ानी गांव निवासी रेखा देवी ने जयपुर में आयोजित दूसरी राष्ट्रीय पैरा फेंसिंग चैंपिनयनशिप की टीम स्पर्धा में स्वर्ण और व्यक्तिगत श्रेणी में रजत पदक जीता। बता दें कि रेखा दोनों पैरों से विकलांग हैं। एक मित्र ने उन्हें पैरालंपिक गेम्स के बारे में बताया तो उन्होंने वर्ष 2015 में एथलेटिक्स में जैवलीन व डिस्कस थ्रो खेलना शुरू किया। राष्ट्रीय स्तर पर 2016 व 2017 में पदक भी जीते। गेम्स के आधार पर ही 2019 में उनकी नौकरी लग गई। इसके बाद उन्होंने छह माह पहले ही दोबारा से खेलना शुरू किया, लेकिन इस बार उसने व्हीलचेयर फेंसिंग का अभ्यास शुरू किया। बहादुरगढ़ नगर परिषद में जारी कार्यकाल के दौरान उन्होंने लगातार पांचवें साल नेशनल लेवल पर पदक जीते हैं। इस बार उन्होंने जयपुर में हुई दूसरी नेशनल पैरा फेंसिंग चैंपियनशिप के दौरान टीम एपी में एक गोल्ड मेडल तथा व्यक्तिगत साबरे में एक सिल्वर मेडल जीता। कार्यकारी अधिकारी संजय रोहिल्ला ने उन्हें बधाई दी।

